अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण पर हुई कार्रवाई, 10 फीट ऊंची दीवार को निगम की टीम ने ढहाया, औद्योगिक क्षेत्र का मामला

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 4 और जोन क्रमांक 2 के सीमा क्षेत्र छावनी से एसीसी चौक के मध्य नंदनी रोड में साहू पेट्रोल पंप के पास बच्चा सिंह द्वारा नया दुकान बनाने के लिए अवैध रूप से बाउंड्री वाल का निर्माण किया जा रहा था जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर 10 फीट ऊंची दीवार को आज ढहा दिया गया , जमीन निगम क्षेत्र अंतर्गत जिला उद्योग केंद्र की बताई जा रही है! जोन क्रमांक 4 एवं जोन क्रमांक 2 के सीमा क्षेत्र होने पर दोनों ही कार्यालय के सहायक राजस्व अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर कार्यवाही किए! उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे जिस पर आज बाउंड्री वाल को हटाने की कार्यवाही की गई! अवैध निर्माण पर लगातार निगम द्वारा कार्रवाई की जाती रही है , आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी भी इस मामले में सख्त है और अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं! नंदनी रोड के औद्योगिक क्षेत्र में अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण तत्पश्चात दुकान निर्माण करने की शिकायत मौखिक रूप से निगम के अधिकारियों को प्राप्त हुई थी , प्राप्त सूचना एवं शिकायत की जांच करने पर निर्माणकर्ता , निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाने में आनाकानी करते रहे तथा मौके पर किसी भी प्रकार के दस्तावेज नहीं दिखा पाए जिसके बाद निर्माणाधीन दीवार को बेदखली करने की कार्यवाही की गई! दोपहर लगभग 2:00 बजे निगम के उप अभियंता निकहट सबरीन, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू एवं संजय वर्मा, जोन के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा द्वारा तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौजूद रहकर कार्यवाही किए!

सहस्त्रबाहू उद्यान में महापौर देवेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन, वार्ड 03 में मंच निर्माण एंव पेवर ब्लाॅक का होगा कार्य, लोगों के मांग के अनुरूप कार्य को दे रहे हैं अंजाम

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 03 के सहस्त्रबाहु उद्यान में मंच निर्माण एवं पेवर ब्लाॅक लगाया जाएगा। नेहरू नगर स्थित गार्डन के सौंदर्यीकरण हेतु कार्य के लिए महापौर एवं भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव ने एल्डरमेन एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। रहवासी क्षेत्र के बीचोबीच स्थित उद्यान में सार्वजनिक आयोजनों के लिए 6 लाख की लागत से नए कार्य किए जाएंगे। पेवर ब्लाॅक लगने से उद्यान में कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी तथा सुबह शाम नागरिकों के टहलने के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो पाएगा। उद्यान में विकास कार्य के लिए क्षेत्र की सहस्त्रबाहु समिति के अरविंद ताम्रकार सहित अन्य लोगों ने मांग किए थे जिस पर महापौर श्री यादव की पहल पर आज कार्य की नींव रखने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन हुआ। वार्ड 03 नेहरू नगर के शिवाजी चौक स्थित सहस्त्रबाहु उद्यान का जीर्णोद्वार किया जाएगा। रहवासी क्षेत्रों में स्थित उद्यान में सार्वजनिक आयोजनों के लिए मंच निर्माण तथा उद्यान का सौंदर्यीकरण हेतु पेवर ब्लाॅक लगाने की मांग क्षेत्र के नागरिक एवं सहस्त्रबाहु कल्याण समिति के सदस्यों ने महापौर से किए थे , जिस पर महापौर देवेन्द्र यादव की पहल के बाद अब उद्यान में मंच एवं पेवर ब्लाॅक लगाने हेतु 6 लाख स्वीकृत हुए है , जिससे विकास कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित निगम के सहायक अभियंता सुनील दुबे को महापौर श्री यादव ने कहा कि उद्यान में पेवर ब्लाॅक लगाने का कार्य शीघ्रता के साथ करें ताकि बारिश के सीजन में उद्यान में कीचड़ की समस्या न हो। इस दौरान वार्ड के नागरिकों से महौपार मुखातिब हुए वार्ड के विकास संबंधी चर्चा भी किए।